**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1952**
**उत्तर देने की तारीख : 11.12.2025**

**तेलंगाना में एमएसएमई**

**1952. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना में वर्तमान में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) और सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) जैसी विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना में एमएसएमई को प्रदान की गई वित्तीय सहायता, ऋण सहायता और सब्सिडी का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के अंतर्गत उन्नयन हेतु तेलंगाना में किन्हीं संकुलों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन संकुलों की वर्तमान स्थिति क्या है और राज्य में एमएसएमई प्रतिस्पर्धा और रोजगार सृजन हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) : उद्यम पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ दिनांक 01.07.2020 को किया गया था, दिनांक 30.11.2025 की स्थिति के अनुसार, तेलंगाना में उद्यम पंजीकरण (यूआर) पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की संख्या 35,39,421 थी, और जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

(ख) : भारत सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के माध्यम से, तेलंगाना राज्य सहित देश भर में एमएसएमई के संवर्धन एवं विकास के लिए विभिन्न स्कीमें क्रियान्वित करती है।

इन स्कीमों/कार्यक्रमों में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीटीएमएसई), सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी), खरीद और विपणन सहायता स्कीम (पीएमएसएस), एमएसएमई के कार्य निष्पादन में संवर्धन और गतिवर्धन स्कीम (रैंप), अंतर्राष्ट्रीय सहयोग स्कीम, टूल रूम, प्रौद्योगिकी केंद्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी), राष्ट्रीय एससी/एसटी हब (एनएसएसएच), एमएसएमई चैम्पियंस, पीएम विश्वकर्मा आदि शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान तेलंगाना राज्य में पीएमईजीपी के तहत सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या, संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी निम्न प्रकार से है:

| क्र.सं. | वित्त वर्ष | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | मार्जिन मनी सब्सिडी (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | 2025 | 63.75 |
| 2 | 2021-22 | 2906 | 98.45 |
| 3 | 2022-23 | 2540 | 102.25 |
| 4 | 2023-24 | 2503 | 108.11 |
| 5 | 2024-25 | 1850 | 82.82 |

तेलंगाना राज्य, अखिल भारत में विगत पाँच वर्षों के दौरान क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस) के तहत अनुमोदित गारंटियों का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

| विगत पाँच वर्षों के दौरान अनुमोदित सीजीटीएमएसई गारंटियाँ (राशि करोड़ रूपए में) | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वित्त वर्ष 20-21 | | वित्त वर्ष 21-22 | | वित्त वर्ष 22-23 | | वित्त वर्ष 23-24 | | वित्त वर्ष 24-25 | |
| | अनुमोदित गारंटियों की संख्या | स्वीकृत राशि | अनुमोदित गारंटियों की संख्या | स्वीकृत राशि | अनुमोदित गारंटियों की संख्या | स्वीकृत राशि | अनुमोदित गारंटियों की संख्या | स्वीकृत राशि | अनुमोदित गारंटियों की संख्या | स्वीकृत राशि |
| तेलंगाना | 22,021 | 1,407 | 24,009 | 1,958 | 29,792 | 3,502 | 41,940 | 6,368 | 97,292 | 11,586 |
| **अखिल भारत** | **8,35,592** | **36,899** | **7,17,020** | **56,171** | **11,65,786** | **1,04,781** | **17,24,073** | **2,02,807** | **27,15,275** | **3,05,506** |

(ग) एवं (घ) : एमएसएमई मंत्रालय देश भर में सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) का क्रियान्वयन करता है। स्कीम का उद्देश्य मौजूदा क्लस्टरों में सामान्य सुविधा केन्द्रों की स्थापना और नए/मौजूदा औद्योगिक एस्टेटों/क्षेत्रों/फ्लेटेड फैक्टरी परिसरों में अवसंरचनात्मक सुविधाओं की स्थापना/उन्नयन के लिए भारत सरकार के अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करके क्लस्टर विकास दृष्टिकोण को अपनाते हुए सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के समग्र विकास के लिए उनकी उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। यह केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है और स्कीम के तहत प्रस्ताव राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से, उनके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मौजूदा क्लस्टरों की सामान्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, प्राप्त किए जाते हैं।

तेलंगाना राज्य में एमएसई-सीडीपी के तहत विगत 5 वर्षों में अनुमोदित सीएफ़सी और आईडी परियोजनाओं की स्थिति निम्न प्रकार से है:

| राज्य | सीएफ़सी | | आईडी | |
|---|---|---|---|---|
| | चालू | पूर्ण | चालू | पूर्ण |
| तेलंगाना | 02 | 0 | 23 | 0 |

उपर्युक्त परियोजनाओं के लिए विगत पाँच वर्षों के दौरान भारत सरकार का कुल निर्मुक्त अनुदान 54.5 करोड़ रुपए है।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1952, जिसका उत्तर दिनांक 11.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| तेलंगाना राज्य में दिनांक 01/07/2020 से 30/11/2025 तक उद्यम और यूएपी के तहत जिला-वार पंजीकृत कुल उद्यम | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
| 1 | आदिलाबाद | 59,764 | 161 | 8 | 59,933 |
| 2 | भद्राद्री कोथागुडेम | 1,18,327 | 182 | 3 | 1,18,512 |
| 3 | हनुमाकोंडा | 87,823 | 513 | 25 | 88,361 |
| 4 | हैदराबाद | 4,73,308 | 7,795 | 1,014 | 4,82,117 |
| 5 | जगतियाल | 83,343 | 137 | 3 | 83,483 |
| 6 | जनगांव | 44,292 | 91 | 1 | 44,384 |
| 7 | जयशंकर भूपालपल्ली | 26,092 | 45 | 2 | 26,139 |
| 8 | जोगुलंबा गडवाल | 37,860 | 94 | 1 | 37,955 |
| 9 | कामारेड्डी | 48,668 | 139 | 5 | 48,812 |
| 10 | करीमनगर | 1,47,213 | 468 | 18 | 1,47,699 |
| 11 | खम्मम | 1,62,614 | 440 | 15 | 1,63,069 |
| 12 | कोमाराम भीमा आसिफाबाद | 33,019 | 48 | 2 | 33,069 |
| 13 | महबूबाबाद | 57,113 | 109 | 4 | 57,226 |
| 14 | महबूबनगर | 1,09,214 | 292 | 17 | 1,09,523 |
| 15 | मंचेरियल | 85,990 | 134 | 4 | 86,128 |
| 16 | मेडक | 72,323 | 271 | 17 | 72,611 |
| 17 | मेडचल मलकजगिरि | 2,21,695 | 2,886 | 188 | 2,24,769 |
| 18 | मुलुगु | 20,290 | 34 | 1 | 20,325 |
| 19 | नगरकुरनूल | 65,527 | 119 | 2 | 65,648 |
| 20 | नलगोंडा | 1,99,498 | 491 | 36 | 2,00,025 |
| 21 | नारायणपेट | 33,048 | 38 | - | 33,086 |
| 22 | निर्मल | 91,610 | 122 | 6 | 91,738 |
| 23 | निजामाबाद | 1,85,811 | 390 | 24 | 1,86,225 |
| 24 | पेद्दापल्ली | 66,899 | 181 | 3 | 67,083 |
| 25 | राजन्ना सिरसिला | 59,636 | 56 | 1 | 59,693 |
| 26 | रंगा रेड्डी | 2,80,987 | 3,057 | 274 | 2,84,318 |
| 27 | संगारेड्डी | 1,40,252 | 568 | 56 | 1,40,876 |
| 28 | सिद्दीपेट | 1,11,406 | 270 | 10 | 1,11,686 |
| 29 | सूर्यापेट | 86,537 | 285 | 6 | 86,828 |
| 30 | विकाराबाद | 64,552 | 128 | 3 | 64,683 |
| 31 | वानापर्थी | 44,212 | 87 | 1 | 44,300 |
| 32 | वारंगल | 1,07,856 | 193 | 12 | 1,08,061 |
| 33 | यादाद्री भुवनगिरि | 90,870 | 178 | 8 | 91,056 |
| | कुल: | **35,17,649** | **20,002** | **1,770** | **35,39,421** |